उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ – 226006
फोन : 91–522–2333983 सीयूजी : 91–9454404733 फैक्स : 91–522–2335346
E-Mail :radiohq@nic.inWebsite : uppolice.gov.in

संख्याः ए–199/2021 दिनांकःअगस्त 07 ,2025

## कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उ0प्र0 पुलिस रेडियो विभाग के चयनित 1374 सहायक परिचालकों में से चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्त पाये गये 1280 अभ्यर्थियो का सहायक परिचालक पद के आधार भूत प्रशिक्षण हेतु दिनांक 11.08.2025 की तिथि प्रस्तावित थी।

अभ्यर्थियो के सुरक्षा/संरक्षा के दृष्टिगत होमगार्ड विभाग से आवंटित 03 अदद प्रशिक्षण केन्द्रों क्रमशः प्रयागराज/झॉसी/आगरा का स्थानीय अधिकारियों से कराये गये भ्रंमण/स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि वर्षा ज्यादा होने की दशा में इन प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण कार्य प्रभावित होने, प्रशिक्षण केन्द्रो के शहर से बाहर/दूर होने के कारण विद्युत आपूर्ति की भी समस्या है। उक्त के अतिरिक्त प्रशिक्षण केन्द्रो में आवश्यक तकनीकी मूलभूत सुविधाओं का अभाव तथा जल भराव की स्थिति में जहरीले कीड़े /सर्प इत्यादि के निकलने की दशा में बारिश के मौसम में प्रशिक्षुओं की सुरक्षा एवं शारीरिक संरक्षा का खतरा सम्भावित है।

ऐसी दशा में विचारोपरान्त दिनांक 11.08.2025 से आयोजित होने वाले सहायक परिचालक पद के आधार भूत प्रशिक्षण को स्थगित रखते हुए उसे माह अक्टूबर, 2025 के अन्तिम सप्ताह में प्रारम्भ कराये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि एवं स्थान की सूचना सर्वसम्बन्धित अभ्यर्थियो को यथासमय विभिन्न संचार माध्यमो से प्रेषित की जायेगी।

07/8/25

**(रवीन्द्र सिंह)**
**उपमहानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार)मुख्यालय/**
**राज्य रेडियो अधिकारी(प्रशासन)**
**उ0प्र0पुलिस रेडियो मुख्यालय,**
**महानगर, लखनऊ।**

**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1– उपमहानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार) प्रशिक्षण।
2– राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण।
3– सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण/कार्मिक।
4– सहायक रेडियो अधिकारी(प्रशासन) श्री कैलाश नाथ तिवारी एवं सहायक रेडियो अधिकारी श्री अखिलेश सिंह को इस आशय से कि वह उपरोक्त सूचना, समस्त उपलब्ध माध्यमों से सम्बन्धित अभ्यर्थियो को प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।